1

# प्रगति प्रतिवेदन

## अप्रैल 2021 से मार्च 2022




# ग्रामीण विकास समिति

बहरीपुर जौनपुर222175 उत्तर प्रदेश,भारत

सम्पर्क न0 9696617348 /9795559293

Email id –rgvsjaunpur@rediffmail.com/gvsjaunpur@gmail.com

ग्रामीण.विकास समिति बहरीपुर जौनपुर एक गैर राजनैतिक गैर अलाभकारी स्वयंसेवी संस्था है जिसका रजिस्टेशन सोसायटी एक्ट 21.1860 के अर्न्तगत रजिर्स्टड है संस्था विगत 21 वर्षो से उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर व प्रतापगढ तथा सोनभद्र ( रार्बटगंज विकास खण्ड के 15 गॅावो व बदलापुर विकास खण्ड 30 खुटहन विकास खण्ड के 35 आसपुर देवसरा विकास खण्ड के 15 गॅावो मे सघन रूप से अति निर्धन सघन रूप से अति निर्धन असहाय दलित एवं अतिबंचित परिवार के हक अधिकार व सम्मान एव सामाजिक समरसता व आर्थिक स्वावलम्बन प्रति प्रयासरत हैं ग्रामीण विकास समिति द्वारा विविध कार्यकम का आयोजन करता है ।

## संस्था का उददेश्य

1 देश की ऐकता अखण्डता शातिं व आपसी सदभाव का विकास हो ।

2 वालक वालिकओ युवाओ तथा महिलाओ के विविध विकास हेतू वातावरण तैयार करना

3 ग्प्रामीण.विकास व सामाज कल्याण कार्यकम के संचालन मे सहयोग करना व शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्रो का सचालन करना

4 अल्पसंख्यक परिवार के युवाओ विकास हेतु शिक्षण महिलाओ के स्वावलम्बन प्रशिक्षण व विविध कार्यकम को बढाना असहाय उपेक्षित लोगो कि सेवा करना स्वाभिमान व स्वावलम्बन कि मूल भूत सुविधाओ को प्रदान करने हेतु शिल्प कुटीर उधोगो व प्रशिक्षणो व सचालन करना

5 पर्यावरण व प्रौघोगिकी किकास की दृष्टी शोध व प्रचार व प्रसार जल प्रबधन स्वच्छता साफ सफाई स्थाई कृषि परम्परागत प्रशिक्षण व जागरूक करना एड्स जैसे रोगों से वचाव शिक्षण प्रशिक्षण व जागरूक करना

## संस्था विजन

स्वायत्त एवम स्वावलम्बी शोषण सामाज का निर्माण करना ।

## संस्था का मिशन

चेतना जागृति व सगठन आत्मसम्मन स्वालम्बन हेतु प्रेरित करना

## संस्था का कार्यक्षेत्र

ग्रामीण.विकास समिति बहरीपुर जौनपुर उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर के बदलापुर विकास खण्ड के 30 गावें खुटहन विकास खण्ड के 43 गाव तथा प्रतापगढ के आसपुर देवसरा 15 गॅाव सोनभद्र के रार्बटसगंज विकास खण्ड के 18 गॅाव मे दलित निर्धन असहाय परिवार के बीच सामाजिक राजनीतिक शैक्षणिक एव समुदायिक विकास हेतु सामूहिक प्रयास करना जिसमे हक अधिकार आत्म सम्मान प्राप्त करने हेतु विकास के पथ पर आगे बढे । जिसमे ग्रामीण स्तर से लेकर राष्टीय स्तर पर सामाजिक सद्रभावना व एकता अखण्डता कायम रहे ।

## संचालित कार्यकम

निम्नलिखित कार्यकम संचालित किये है ।

### महिला अधिकार जागरूकता कार्यकम

**A_** महिला अधिकार जागरूकता कायकम के अन्तर्गत विकास खण्ड बदलापुर सघन रूप संचालित किया गया जिसमें सम्मान से जिने का अधिकार भोजन का अधिकार काम का अधिकार प्रति संवेदित किया गया विशेष रूप महिला उत्पीडन के विरोध मे महिला समानता जो सामाजिक स्तर से लेकर शैक्षणिक राजनैतिक भौमिक अधिकारो के प्रति देश कि आधी आवादी की भागीदारी के प्रति जागरूक किया जो 2 अक्टूबर 2021 से 8 अक्टूबर 2021 तक चलाया गया ।

**B_युवा –60 अगुवाओ का मुददो के प्रति 2 दिवसीय बैठक।**

60 अगुवाओ को मनरेगा पेशन आइ व सी0 डी0 यस मिड डे मील पी0 डी0 यस0 आदि मुददो के प्रति संवेदित करने हेतु 2 दिवसीय बैठक किया गया । बैठक के माध्यम उनको मुददो के प्रति संवेदित किया गया। ब दिवसीय बैठक किया गया जिसमे अगुवाओ को पंचायती राज की भागीदारी के प्रति जागरूक किया ।

**जन संगठन की बैठक -** 06/04/2021 को कार्यालय अमरगढ़ प्रतापगढ़ में जिसमे पिछले माह की संचालित गति बिधियो पर चर्चा किया गया चयनित किसानो को धान बीज वितरित किया गया पुनः राशन की दुकानों को अगुआ शाथियो द्वारा फालोऔप किया गया । 9 ग्राम पंचायत में बाहर से आये प्रवाशी मजदूरों का अगुआ साथियो द्वारा सर्वे किया गया जिसके माध्यम से स्थिति की जानकारी ली गई कोविद 19 के प्रति जानकारी दी गई सरकार द्वारा संचालित गाइड लाइन के प्रति संवेदित किया गया उसके अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी व अगुवाओ द्वारा VHND कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रवाशी मजदूरो के साथ मुर्गीपालन , vhnd कार्यक्रम में सहयोग कराना । लाभार्थी का टीकाकरण करवाना नए लाभार्थी को आगनबाडी केंद्र से जोड़ना आदि सुनिश्चित किया गया जिसमे ३० प्रतिभागी -9 पुरुष 21 महिलाओ ने प्रतिभाग किया ।

## नशा मुक्ति जागरूकता अभियान कार्यक्रम

आज दिनाक 7 /05 /2021 को नशा मुक्ति जागरुकता अभियान कार्यक्रम स्थान - उदैशःपुर विकास खंड आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ राकेश के मकान पर आयोजित किया गया जिसमे विशेष

करके बच्चो के बीच चर्चा करते हुए बताया गया की आज समाज में माता पिता व् युवा सभी नाना प्रकार के बीमारी का शिकार हो रहे है जिसमे ह्रदय रोग किडनी , फेफड़े का कैन्षर व् सास फूलना , खून की कमी , शारीर में कम्पन व् आख की रोशनी , का खत्म हो जाना जान लेवा जैसी बीमारी का आये दिन नवजवान लोग शिकार हो रहे हैं। दुकानों में पण गोटका , सुरती . तम्बको , बीडी ,नाना प्रकार के मशाला , खाने में प्रयोग , अनाज रखने में किट नाशक , दवाईयों हमारे जीवन को प्रभावित करती है जिसके उपयोग से शारीर में जलन ,जैसे हाथ पैर में जलन , कव्ज आदि प्रारम्भिक लक्षण होते है शिव शंकर द्वरा बताये गया की हम लोग पान मशाला गुठका दिनभर मे कईबार लेते है, और बच्चो को भी खाते देखते है उनको माना नहीं करते है अब हम लोग खुद बीडी गुटका पान मसाला तम्बको सेवन करना खुद बंद करे और बच्चो को खाने से मना करे उसके स्थान पर फल फूल दूध दही आदि खाए जितेंद्रे ने अपना बिचार रखते हुए बताया की नसा से मुक्त होना बहुत जरुरी है हम लोग किसी सादी समारुह के कार्यक्रम मेंबहुत प्रयोग करते है जो समाज में कलंक बनता जा रहा है आज से किसी भी प्रकार की नशीली वस्तुओं का सेवन करना बंद रखेगे ।

महंथराज सचिव ग्रामीण विकाश समिति बहीरीपुर जौनपुर द्वारा संचिलित नसा मुक्ति कार्यक्रम की आवस्यकता उपयोगिता व नसा के चलते फैली बीमारी के कारण सामाजिक बदलाव के साथ साथ जीवन की खुशहाली बरकरार रखना आवश्क बताया उनके चलते शारीरिक व आर्थिक नुकसान पर चर्चा किया जिसमे 18 बच्चे 3 पुरुष 7 महिलाओ ने प्रतिभाग किया जिसमे संगीता उमाराजी ने बिचार रखा यह जगुर्कता क्रयाकर्म आसपुर देवसरा विकाश खंड के उदैसाहपुर जनपद प्रतापगढ़ में आयोजित किया गया

उपरोक्त क्रम में 27-5-2021 ग्राम पंचयत तेलयानी के राजस्व ग्राम अलाही,10-6-2021 को ग्राम पंचायत परहतके राजस्वा गाव काशीपुर दिनांक 21-6-2021 को ग्राम पंचायत महुली में उक्त करक्रम का आयोजन हुआ

## सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

आज दिनांक 11 /07/2021 को ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर द्वारा ग्राम मद्ग्रमाऊ के पतरा नाहर के किनारे के राजस्व गाव में विकास खंड आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ आसा जि के घर के सामने सड़क सुरक्षा जागरूकता कर्यक्रम का आयोजन कियागया जिसकी अद्च्याता कुसुम द्वारा किया गया कार्यक्रम का उद्देश्यपर प्रकास डालते हुए महंथराज द्वरा बताया गया की हम लोगो का घर व बस्ती सड़क के किनारे रहते है सड़क सुरक्षा के नियम व संकेत सरकार द्वारा सडको पर बनयेगए है जैसे मोड़ होने पर कोई दर संकेतक बनया रहता है और चालक को गति को कम करने के लिए रहता है सरकार द्वरा नियम बनया गया है किगाड़ी वाहक /मोटर स्य्किल संचालक केवल दो लोग ही बैठे और हेलमेट का

प्रयोग करे जिससे सुरक्षित रहे जिसका ध्यान न देने व लापरवाही के चलते प्रतिदिन घटनाओंहोती रहती है ।इन्द्रपाल द्वारा बतया गया की हमारा घर सड़क के उसपार है हमारे परिवार का हमेसा इस पार वाले बस्ती में आना पड़ता है लेकिन सड़क पार करते समय हम व हमारे बच्चे हमेसा सावधानी से पार करते है आगे आधा किलोमीटर पूरब पुल है जो मोड़ पर है जिसके कारण मोड़ का ध्यान न देने के कारण व संकेतेक को ध्यान न देने के कारण प्रति दुर्घटना /घटना होती रहती है ! पुलिश भी सुरक्षा के लिए लगा दी गयी है ।

उपरोक्त क्रम मेंदिनाक 25 -07-2021 को ग्राम पंचायत परहत के राजस्व गाव सुरंगपुर 17-08- 21 को ग्राम पंचायत कोटिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

आशा जी द्वारा बतया गया की हम लोग सड़क के किनारे होने के कारण पुरुष के अलावा बच्चो और पसुओ की सुरक्षा के लिए हमेसा ध्यान देते है इसके बावजूद कुत्ता गाड़ी के चपेट मेंआने से मर गया ! बच्चे विद्यलयजाते है वो जाते समय और छुट्टी होने पर घर की तरफ आने पर हम लोग पहले से ध्यान देते है इसके बचवके लिये लोग गाड़ी धीमी गति से चलये ब्रेकर भी बनया गया है जिसको समय समय पर मरम्मत करते है

महंथराज द्वारा करक्रम मे प्रतिभाग किये बच्चो व लोगो महिलाओ की सराहना करते हुए सड़क बचोओ नियम पर प्रकाश डालते हुयी सफलता के लिए अबिवादन किये जिसमे संगीता कुसुम सरोजाद्वरा विचार रक्खा गया 16 बच्चे 11 महिला 2 पुरुष साथी भाग लिया ।

# परम्परागत कृषि 1 दिवशीय प्रशिक्षण

दिनांक 8/10/2021 स्थान पंचयत भवन रामगढ़ा प्रशिक्षक श्री लाल चन्द निषाद-एग्रो सुरंग पुर प्रतापगढ़ ,परम्परागत कृषि क्या हैं -उसकी उपयोगिता ?

परम्परागत अनाज /बीज ,जैविक खाद ,जैविक कीटनाशक

परम्परगत अनाज /विज हमारे पहले से चले आरहे अनाज जो कम पानी,कम खाद ,कम लगत से तैयार किये जा सके ।अनाज मक्का ,बाजरा ,कोदो ,सवा ककून धान ,तिल मुंग कुटकी मसूर मकरा गेहू वंशी ग्वाला बरुया पैगम्बरी काढुई खैरा कालादाना खपला नीलाम्बर परम्परागत बीज है

1 वर्मिकोम्पोस्त- केचुआ की खाद बनाने पर चर्चा किया

2-कम्पोस्ट - गोबर पत्ति घास कचरे की खाद

3 -जीवामृत /कीटनाशक-बनाने पर चर्चा और तरीका बतया गया जो नीम का पत्ता नह्सून तम्बको के मिश्रण से बनया जाता है जिसमे 17महिला 6 पुरुष साथी प्रतिभाग लिए ।

## गरीबी उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम

आज दिनांक 1/11/2021 को ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर द्वरा ग्राम पंचयत कोट्याका राजस्वा गाव पुरेथानी विकास खंड आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ मे गरीबी उनमुलन कार्यक्रम के अंतर्गत समुदाय मे वयप्त गरीबी के कारण पर प्रकास डालते हुए बताया गया की गरीबी का मुख्य कारण असिछित होना भूमिहीनता स्वरोजगार का आभाव संगटन की कमी सरकारी योजना में जानकारी न पहुचना मुख्य कारण है ।

समुदाय में शिक्षा होना एव साथ ही टेकनिकलशिक्षा रोजगार के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग ,उदमिताविकास प्रसीछड प्राप्त करना होगा जिसके साथ कुटीर उधोग हस्तसिल्प रोजगार परम्परागत कृषिको बढाना ,जिसके अंतर्गत जैविक खाद जीविक कीटनाशक,पप्परिक फशल का उत्पादन करने से है जिसकी मांग बाज़ार में अधिक है । समुदाय में संगठनबनाकर सरकार की योजना व पंचायत में सहभागिता सुनिचित हो सके जैसे आवासीय योजना,पेंशन व्रिध्य बिद्वा बिकलांग/दिव्यांग व रोजगार हेतु नाबार्ड व रासटीयताआजीविका मिशन एव कौसल विकास मिशन प्रशीचढ़ में सहभागिता बने इसके साथ ही साथ जिला उधोग विभाग जिला उधन विभाग जिला कृषि विभाग से जुडाव बने सरकार स्पेशल कॉम्पोनेन्ट प्लान योजना में प्रतिभाग के साथ किचन गार्डन पशुपालन ,डेरीउधोग मछलीपालन आदि रोजगार का विस्तार हो सके।

निर्मला द्वरा बतया गया की सरकार की योजनाओ कैसे संचलित होती है और इसके विभाग अधिकारी निर्धनों के लिए योजनओबड़े बड़े पोस्टर ब्लॉक् और जिले पर लगे रहती है बात करने पर कहती है की अब समय समाप्त हो गया है संघटनन होने के कारण हमारी पहचान नहीं बन पति है क्यसे प्राप्त किया जाय।

महंथराज द्वरा समुदाय की योजना की जानकारी व प्राप्त करने के लिए बतया की अप् लोगो को स्वंग आगे बढ़कर हिस्सा लेना होगा तभी गरीबी और निर्धनता समाप्त होगी आगे भी सहयोग का अस्वाशन दिया इसमे 10 महिला 13बच्चे व 4 पुरुष भागदारी की ।

<u>महिला समानता/सम्मान जागरूकता कार्यक्रम</u> आज दिनांक 20/12/2021 को ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर द्वारा ग्राम पंचयत करोधाहा पंचयत भवन विकास खंड आसपुर देवसरा जनपद

प्रतापगढ़ में महिला समानता दिवस के सुभ अवसर पर महिला समानता जगुरुकता कार्क्रम का आयोजन उमाराजी की अद्य्वाता में किया गया ।

करक्रम का उदेस महान्थराज द्वारा बतया गया की देश 50 % आबादी जिसे सिक्षासे हकअधिकार व सम्मान से दूर रक्खा गया जिसके प्रति सरकार अनेक प्रकार की योजना संचालित करती है फिर भी उनको केंद्र बिंदु विकास की गुप्त धरा से दूर रखा जाता है जिसके निम्न कारण है 1 पुरुषवादी मानशिकता 2 शिक्षा का आभाव 3 कर्मकांड व अंधविश्वास का हावी होना 4 पुरुष प्रध्नता देस की नीतिया 5 पुरुष के सामान अधिकार महिला को न मिलना ।

उपाय सरकार के नियम

1 सामान वेतन का अधिकार 2 महत्व लाभ कानून 3 सम्पति का अधिकार 4 रात में महिला की गिरफ़्तारी नहीं 5 उच्च शिक्षा की वाव्स्था ।



## बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम

आज दिनांक 20/3/2022 को स्थान रमगढा पंचयत भवन में ग्रामीण विकास समिति जौनपुर द्वारा मंजू देवी की अद्द्यायता मई बाल विकास अधिकार जगुरुकता कार्यक्रमका आयोजन किया गया जिसमे बच्चो की शिक्षा व सुरक्षा के प्रति सभी नागरिको का सरकार द्वारा महिला एव बाल विकास कल्याण के अंतर्गत कई प्रकार के योजना की जा रही है जो बच्चो के खान पान व स्वस्थ्य के प्रति विसेस ध्यान दिया गया उसी के माहिलाओ के अधिकार व सुरक्षा के प्रति योजनाए संचिलित की जा रही है ।

उमाराजी द्वारा बतया गया की बच्चो की सुरक्षा के प्रति ग्रामीण विकास समिति जो जानकारी दे रही है इसको जानना और सार्थक रहना भी अवशक है माता पिता खुद जिम्मेदार है जो आज खतरे में बाल शोषण किडनैप करना आदि घटना हो रही है समय रहते सतर्क रहना है संगीता जि ने बतया की हम महिलाओ की जिम्मेदारी बच्चो व अपनी सुरक्षा के लिए हमेसा सावधान रहे ।

महान्यराजद्वारा कार्यक्रमकी सफलता के लिए व बाल सुरक्षा करना स्वाम अपना कर्तव्य बतये जिसमे 16 महिला 9 पुरुष सभी साथी प्रति भाग लिए ।





## एड्स बचाव जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 1/12/2021 को ग्रामीण विकास समिति द्वारा बहरीपुर जौनपुर द्वारा ग्राम पंचायत उदिशाहपुर विकास खंड आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ में एड्स दिवस के सुभ अवसर पर समुदाय में एड्स कैसे फैलता है इसके बचओ के क्या उपाय है पर चर्चा किया गया । HIV विशाडू होता है

क्यसे फैलता है

1 बिना प्रोक्टशन(निरोध)के किसी के साथ सम्भोग करने से

2 एक ही सुई का बार बार स्त्माल करने से

3 hiv संक्रमित रक्त से दूषित सुई या चिकित्साउपकरण का उपयोग करने से

4 संक्रमित महिला के सिसु पान कराने से

बचओके उपाय

1 सरीर में वायरस ज्यदा हावी होने पर कंट्रोल करना मुशिकल हो जाता है ।

2 एंटी वायरस दवा का प्रोयोगकिया जाय

3 सत्राकता/परहेज ही इसका इलाज है

4 उपरोक्तकारणों से बचओ करना अति अवस्क है

उपरोक्त रोग /एड्स HIV सुक्राणु जल्दी मरते नहीं है यह एक महामारी है इसका बचओ ही सबसे बड़ा निदान है इसका सरकार द्वारा टीका त्यारकिया गया है जो कुछ हल्का कर सकता है

महंथराज सचिव ग्रामीण विकास समिति जौनपुर द्वारा जागरूकता के माध्यम से बताया की बचओके लिए आप खुद जिम्मेदार है जिसके प्रति सावधानी बनये रखे खुद जानकारी ले और अपने परचित साथी परिवार को भी बतया करे बाहर दिल्ली कलकत्ता बम्बई जाने वाले लोगो को विसेस सावधानी से रहने के लिए चर्चा करे करक्रम में 19 महिला 18 पुरुष साथी ने भाग लिया ।उमाराजी के बिचारो को सुनने के बाद समाधान किया गया ।

## शिक्षा विकास कार्यकम A- विधालय चलो जागरूकता अभियान

कार्य क्षेत्र आसपुर देवसरा के रमगढ़ा, पीथापुर, महुली, कोटिया, तेलियानी, बैजलपुर, परहत, मढरामऊ, झजागरूकता के लिए अभिभावको को प्रेरित किया गया कि कोई भी बच्चा शिक्षा से न वंचित रहें इसके लिए 15 जुलाई तक सभी बच्चों का नामांकन तथा नियमित विद्यालय जाने व सरकार द्वारा प्रदत पाठ्य पुस्तकें, ड्रेस तथा पिछली छात्र वृत्ति को नियमित करने के उद्देश्य पर विचार रखा गया। तदपश्चात विद्यालय चलो रैली का आयोजन किया गया

## B- स्वरोगार प्रशिक्षण /हस्त शिल्प ,किशोरी विकास कार्यकम

स्वरोजगार हेतु शिलाई कढाई ' ब्युटिशियन के अन्तर्गत 20 किशोरी प्रति यूनिट प्रशिक्षण दिया जाता है । जिसके अन्तर्गत हस्तकला खिलौने बांस टोकरी मेहदी चित्रकारी प्रतियोगिता के माध्यम से कार्यकम का सचालन होता है । तथा उन्हे स्वरोगार के माध्यम से सिलाई कढाई ब्युटिशियम के अन्तर्गत 20 किशोरी यूनिट के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है । जिसके अन्तर्गत हस्त खिलौना बास टोंकरी मेहदी

चित्रकारी प्रतियोगिता के माध्यम से पुस्कृत किया जाता है । साथ ही साथ उन्हे निरन्तर स्वरोगार के माध्यम से अर्थिक मासिक सामाजिक रिस्ते बढाने के लिए वातावरण मे रहने के लिए सहयोग मिलता है ।

**C- परम्परागत खेती -कोविड प्रवाशी परिवारों के बीच- ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर द्वारा कोविद 19 महामारी से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम अभियान के**

अंतर्गत बचाव हेतु दलित व् अतिबंचित परिवारों जनपद प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा विकास खण्ड के 9 ग्राम पंचायत 100 कोविद प्रवाशी परिवारों को 266 किलोग्राम धान का बीज वितरित किया गया जो आजीविका संबर्धन के साथ परम्परागत खेती के माध्यम से अपना व् अपने परिवार का भरण पोषण कर सके ।



D - परिवारों को मुर्गी पालन- 25 परिवारों को जोड़ने के लिए प्रति परिवारों को 15-15 मुर्गी देना 9ग्राम पंचायत में कोरोना महामारी से प्रभावित को रोजगार से जोड़ा गया । जो स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे है व् आर्थिक स्वावलंबन की कड़ी में आगे आ रहे है ।

E-बकरी पालन से जोड़ना- 10 प्रवाशी एकल 5 सामान्य एकल महिला परिवारों के आजीविका में वृद्धि हेतु बकरी पालन से जोड़ा गया जो आजीविका संबर्धन के साथ साथ स्वरोजगार को बढ़ाते हुए अपने परिवार का पालन पोषण करते हुए पलायन से अपने को सुरछित रहना चाहते है । पशु पालन के साथ किचन गार्डन की तरफ बढ़ रहे है ।

F- पुस्तकालय व वाचनालय

संस्था द्वारा पुस्तकालय का संचालन किया जाता है समाचार पत्रो व रोजगार समाचार बाल उपयोगिता की पुस्तके कहानी गीते उपन्यास सहित्य मासिक पत्रिकाऐ जो ज्ञान वर्द्धन मे सहयोग होती है जिसमे 1356 पुस्तके 1471 पत्रिका 716 बाल उपयोगि पुस्तके जो असहाय बच्चो शिक्षण हेतु प्रदान की जाती है ।

प्रेरणा स्रोत.

1.जिला नेहरू युवा केन्द्र जौनपुर 2.उपवन. उत्तर प्रदेश

3-कासा .उत्तर प्रदेश 4. नालन्दा उत्तर प्रदेश

6.. साथी उत्तर प्रदेश 7..आई एस आई नई दिल्ली

8.. आई एस डी नई दिल्ली 9. पीस नई दिल्ली

## वित्तीय स्रोत

1.यू0 एन0 डी0 पी0 2.कासा .लखनऊ 3.आक्स फाम

4.वाटर एड 5.दान चंन्दा 6. सदस्यता

## चुनौतियां

1. सामाजिक कुरीतियां 2.उत्पीडन शोषण

3.बेरोजगारी व निर्धनता 4.अशिक्षा व जागरूकता की कमी 5. भुमिहीनता

## भावी कार्यक्रम

1.महिला शक्तिकरण 2.स्वरोजगार प्रशिक्षण व परम्परागत जैविक संरक्षण

3. स्थानीय स्वशासन /पंचायत मे महिला भागीदारी 4. भूमि अधिकार

5.बालिका शिक्षा /बाल अधिकार 6. स्वास्थ्य व पर्यावरण

## उपलब्धियां

1.ग्राम पंचायत स्तर दलित महिला मंच 2.लोक अधिकार महा मंच जिला स्तर

3 .6386 परिवार से जुडाव 4 .492 एकल महिला जाब कार्ड

5.एक स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र 6 27परिवार भूमि पर कब्जा 7.बाल शिक्षण केन्द्र2

## सहयोगी साथी

1.महन्थराज .मुख्यकार्यकारी

2.मनोज कुमार .कार्यकम समन्वयक

3.राकेश कुमार . एकाउन्टेन्ट

4.संगीता सामाजिक उत्प्रेरक

5.ब्रहम देव सामाजिक उत्प्रेरक

6 .शिव कुमार सामाजिक उत्प्रेरक

7.सरिता देवी सामाजिक उत्प्रेरक

8.सुनीला देवी सामाजिक उत्प्रेरक

9.अखिलेश कुमार सामाजिक उत्प्रेरक

10.बिकाश कुमार- कार्यालय सहायक

# प्रगति प्रतिवेदन

अप्रैल 2022 से मार्च -2023



**ग्रामीण विकास समिति**

**बहरीपुर जौनपुर उत्तर प्रदेश, भारत 222175**

**मोबाइल नं0–9695617348 /9795559293**

**Email id –rgvsjaunpur@rediffmail.com/gvsjaunpur@gmail.com**

## 1-संस्था की उत्पत्ति / इतिहास

14 मार्च 1999 को चन्दापुर गाँव जो विकास खंड बदलापुर जनपद जौनपुर उत्तर प्रदेश के प्रभावती पत्नी श्री गणपति के साथ में 15 महिला मजदूर क्रमशः शांती, गुजराती, उर्मिला, खरपत्ती, सोना, बसिकाली, मीना, पूनम, आदि को मजदूरी इसलिए नही दी गई की ये मजदूर मजदूरी देने पर किसी दूसरे खेत मालिक के यहाँ काम पर चले जाते जिससे रोज कमाने और खाने वाले मजदूर है जो लगातार 10 दिन बगैर मजदूरी ये अपने परिवार का पालन पोषण नही कर पा रहे थे ऐसी परिस्थिति में मजदूरों ने काम करना बंद कर दूसरे खेत मालिक के यहाँ काम करना शुरू कर दिए 2 दिन बाद उन्हें राम सिंह भूतपूर्व प्रधान द्वारा मजदूरी देने के नाम पर बुलाया गया जिन्हें मजदूरी न देकर गैर सामाजिक तरीके के गाली व् पिटाई किया गया और थाने में FIR दर्ज नही किया गया फिर FIR दर्ज करने के बजाय डाट कर भगा दिया गया जिस पर दूसरे दिन दबाव बनाकर थाने में FIR दर्ज कराया गया दोनों पार्टी को थानेदार ने मजदूरी दिलाते हुए लिखित समझौता कराया जिससे आगे पुन: ऐसा न हो ऐसी परिस्थितियो को देखते हुए सामाजिक सम्मान और पुन : उत्पीडन न होने के उदेश्य को देखते हुए 18/12/1999 को 07 पुरुष 2 महिला साथियो के सहयोग से ग्रामीण विकास समिति की स्थापना की गयी |

## संस्था की पृष्ठभूमि

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर उत्तर प्रदेश एक गैर राजनैतिक, गैर अलाभकारी, स्वयं सेवी संस्था है | जिसका रजिस्टेशन सोसायटी एक्ट 21,1860 के अंर्तगत रजिस्टर्ड है | संस्था विगत 23 वर्षों से उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर व प्रतापगढ़ तथा सोनभद्र (राबर्ट गंज बिकास खंड के 15 गाँवो व बदलापुर विकास खंड के 30 खुटहन विकास खंड के 35

आसपुर देवसरा विकास खंड के 15 गाँवो में सघन रूप से अति निर्धन, असहाय, दलित एवं अतिबंचित परिवार के हक़ अधिकार व सम्मान एवं सामाजिक समरसता व आर्थिक ,स्वावलम्बन के प्रति प्रयासरत है ग्रामीण विकास समिति विविध कार्यक्रम का आयोजन करता है जिससे ग्रामीण स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक सदभावना व एकता अखण्डता कायम रहे |

## संस्था की पृष्ठ भूमि

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर एक गैर राजनैतिक, गैर अलाभकारी स्वयं सेवी संस्था है जिसका रजिस्टेशन सोसायटी एक्ट 1860 के अन्तर्गत रजिस्टर्ड संस्था विगत 23 वर्षों से उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर व प्रतापगढ़ तथा सोनभद्र ( राबर्ट गंज विकास खंड के 15 गाँवो, व बदलापुर विकास खंड -30 खुटहन विकास खंड के 35 आसपुर देवसरा विकास खंड के 15 गाँवो में सघन रूप से अति निर्धन असहाय, दलित एवं अति बंचित परिवार के हक़ अधिकार व सम्मान एवं सामाजिक समरसता व आर्थिक स्वावलंबन के प्रति प्रयासरत है ग्रामीण विकास समिति द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन होता है

## संस्था का उद्देश्य

1. देश की एकता अखण्डता, शांति व् आपसी सदभाव का विकास हो |
2. बालक, बालिकाओ, युवाओ, तथा महिलाओ, के विविध, हेतु वातावरण तैयार करना |
3. ग्रामीण विकास व समाज कल्याण कार्यक्रमों के संचालन में सहयोग करना व शिक्षण प्रशिक्षण, केन्द्रों का संचालन करना |
4. अल्पसंख्यक परिवार के युवाओ के विकास हेतु शिक्षण, महिलाओ के स्वावलंबन प्रशिक्षण व विविध कार्यक्रम को बढाना, असहाय पीड़ित लोगो की सेवा करना स्वाभिमान व स्वावलंबन की मूलभूत सुविधाओ को प्रदान करने हेतु शिल्प कुटीर, उद्योगों व प्रशिक्षण का संचालन करना |

5. पर्यावरण व प्रद्योगिकी, विकास की दृष्टि, शोध व प्रचार प्रसार, जल प्रबन्धन, स्वच्छता, साफ सफाई, स्थाई कृषि व परम्परागत प्रशिक्षण व जागरूक करना, एड्स जैसे रोगों से बचाव, शिक्षण प्रशिक्षण व जागरूक करना |

## संस्था का विजन

स्वायत्त एवं स्वावलंबी शोषण मुक्त समाज का निर्माण करना |

## संस्था का मिशन-

चेतना जागृति व संगठन , आत्म सम्मान, स्वावलंबन हेतु प्रेरित करना |

## संस्था का कार्यक्षेत्र

ग्रामीण विकास समिति जौनपुर उ.प्र. के जनपद जौनपुर का बदलापुर विकास खंड का 30 गावो खुटहन विकास खंड के 45 तथा प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा के 15 गाँवो व सोनभद्र के राबर्ट गंज के विकास खंड के 18 गाँवो में दलित निर्धन असहाय परिवार के बीच सामाजिक राजनैतिक ,शैक्षणिक, एवं सामुदायिक विकास हेतु सामूहिक प्रयास करना जिससे हक़ अधिकार, आत्म सम्मान प्राप्त करने हेतु विकास के पथ पर आगे बढे जिसमे ग्रामीण स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक सदभावना, व एकता अखण्डता कायम रहे |

## संचालित कार्यक्रम

निम्न लिखित कार्यक्रम संचालित किये है |

### महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम-

महिला अधिकार जागरूकता कार्यक्रम के अंर्गत विकास खंड बदलापुर सघन रूप से संचालित किया गया जिसमे सम्मान से जीने का अधिकार .भोजन का अधिकार, कम का अधिकार व महिला समानता, के साथ जेण्डर के प्रति , जो सामाजिक स्तर शैक्षणिक, राजनैतिक, भौतिक अधिकारों के



प्रति देश की आधी आबादी  भागीदारी के प्रति जागरूक किया 2 अक्तूबर 2021 से 8 अक्तूबर 2021  तक चलाया गया |

1 युवा रोजगार संबर्धन प्रशिक्षण - दिनाक -०7/02/2023 को

2 युवाओ  को manrega, पेंशन, ICSD, मिड दे मिल, PDS, आदि मुद्दों के प्रति सम्बेदित  करने हेतु  बैठक  किया गया बैठक के माध्यम उनको मुद्दो के प्रति जानकारी दी गयी |

3 जन संगठन की बैठक -  06/04/2021  को कार्यालय  अमरगढ़  प्रतापगढ़  में जिसमे पिछले माह की संचालित गति बिधियो पर चर्चा किया गया चयनित किसानो को धान बीज वितरित किया गया पुनः राशन की दुकानों को अगुआ साथियो द्वारा फालोऔप किया गया | 9 ग्राम पंचायत  में बाहर से आये  प्रवाशी  मजदूरों का अगुआ साथियो द्वारा सर्वे किया गया जिसके माध्यम से स्थिति की जानकारी ली गई  कोविद 19 के प्रति जानकारी दी गई सरकार द्वारा संचालित गाइड लाइन के प्रति संवेदित किया गया उसके अंतर्गत सरकार द्वारा संचालित योजनाओ  की जानकारी व अगुवाओ  द्वारा VHND कार्यक्रम का आयोजन किया गया | प्रवासी मजदूरो के  साथ मुर्गीपालन, vhnd कार्यक्रम में सहयोग कराना | लाभार्थी का टीकाकरण  करवाना  नए लाभार्थी को आगनबाडी केंद्र से जोड़ना आदि सुनिश्चित किया गया जिसमे ३० प्रतिभागी -9 पुरुष 21 महिलाओ ने प्रतिभाग किया |

**नशा मुक्ति  जागरूकता  अभियान  कार्यक्रम**  आज दिनाक  07/02/2023  को नशा मुक्ति  जागरूकता  कार्यक्रम स्थान  - काशीपुर  विकास खंड आसपुर देवसरा  जनपद प्रतापगढ़  सरोज के मकान पर आयोजित किया गया जिसमे विशेष करके बच्चो के बीच चर्चा करते हुए बताया गया की आज समाज में माता पिता व युवा सभी नाना प्रकार के बीमारी का शिकार हो रहे है जिसमे हृदय रोग,  किडनी, फेफड़े का कैंसर व सास  फूलना, खून की कमी, शारीर में कम्पन व आंख की रोशनी का खत्म हो जाना आदि जान लेवा जैसी बीमारी का आये दिन नौजवान लोग शिकार हो रहे है | दुकानों में पान, गुटखा , तम्बाखू, बीडी, नाना प्रकार के मशाला, खाने में प्रयोग, अनाज रखने में कीट नाशक, दवाईयों हमारे जीवन को प्रभावित करती है जिसके उपयोग से शारीर में  जलन, जैसे  हाथ पैर में जलन , कव्ज आदि प्रारम्भिक लक्षण होते है  शिव शंकर द्वरा बताया गया की हम लोग पान मशाला गुटखा दिन भर मे कईबार लेते

है, और बच्चो को भी खाते देखते है उनको मना नहीं करते है अब हम लोग खुद बीडी गुटका पान मसाला तम्बाकू  सेवन करना खुद बंद करे और बच्चो को खाने से मना करे उसके स्थान पर फल फूल दूध दही आदि खाए | जितेंद्रे ने अपना बिचार रखते हुए बताया की नसा  से मुक्त होना बहुत जरुरी है हम लोग किसी शादी समारोह के कार्यक्रम में बहुत प्रयोग करते है जो समाज में कलंक बनता जा रहा है आज से किसी भी प्रकार की नशीली वस्तुओं का सेवन करना बंद रखेगे |

**परम्परागत कृषि   1 दिवशीय प्रशिक्षण** दिनांक 06/06/2022 स्थान**-** उदईशाहपुर प्रशिक्षक श्री  लाल चन्द निषाद-एग्रो सुरंगपुर प्रतापगढ़

परम्परगत अनाज / बीज  हमारे पहले से चले आ रहे अनाज जो कम पानी, कम खाद ,कम लागत से तैयार किये जा सके | अनाज मक्का, बाजरा, कोदो, सवा ककून धान, तिल, मूंग, कुटकी, मसूर, मकरा, गेहू, वंशी ग्वाला बरुया पैगम्बरी काढ़ुई खैरा कालादाना खपला नीलाम्बर परम्परागत बीज है

1 वर्मीकम्पोस्ट- केचुआ की खाद बनाने पर चर्चा किया 2-कम्पोस्ट - गोबर पत्ति घास कचरे की खाद

4 -जीवामृत / कीटनाशक-बनाने पर चर्चा और तरीका बतया गया जो  नीम का  पत्ता लहसुन तम्बको के मिश्रण से बनया जाता है जिसमे 23 महिला 11 पुरुष साथी प्रतिभाग लिए |

**गरीबी उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम**   आज दिनांक 07/02/2023  को ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर द्वरा ग्राम पंचयत रमगढ़ा  मंजू जी के घर, विकास खंड आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ मे गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत समुदाय मे व्याप्त गरीबी के कारण पर प्रकाश डालते हुए बताया गया की गरीबी का मुख्य कारण अशिक्षित होना, भूमिहीनता, स्वरोजगार का आभाव संगठन की कमी सरकारी योजना में जानकारी न पहुचना मुख्य कारण है |

समुदाय में शिक्षा होना एवं  साथ ही टेक्नीकल शिक्षा रोजगार के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग, उदमिता विकास प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा जिसके साथ कुटीर उधोग हस्तसिल्प रोजगार परम्परागत कृषि को बढाना, जिसके अंतर्गत जैविक खाद जीविक कीटनाशक, पारम्परिक फसल का उत्पादन करने से है जिसकी मांग बाज़ार में अधिक है | समुदाय में संगठन बनाकर सरकार की योजना व पंचायत में सहभागिता सुनिश्चित हो सके जैसे आवासीय योजना, पेंशन-बृद्धा, विधवा, बिकलांग/दिव्यांग व रोजगार हेतु नावार्ड व राष्ट्रीयता आजीविका मिशन एवं  कौसल विकास मिशन प्रशिक्षण में सहभागिता बने इसके साथ ही साथ जिला उधोग विभाग,  जिला उधन विभाग, जिला कृषि विभाग से जुडाव बने सरकार स्पेशल कॉम्पोनेन्ट प्लान योजना में प्रतिभाग के साथ किचन गार्डन पशुपालन ,डेरी उधोग मछली पालन आदि रोजगार का विस्तार हो सके |

**महिला समानता/सम्मान जागरूकता कार्यक्रम** आज दिनांक 06/03/2023  को ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर द्वारा ग्राम पंचयत  बैजलपुर  सुभास के घर  विकास खंड आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ में महिला समानता दिवस के शुभ अवसर पर महिला समानता जगुरुकता कार्क्रम का आयोजन उमाराजी की अध्यक्षता  में किया गया |

कार्यक्रम का उद्देश्य महन्थराज द्वारा  बतया गया की देश की 50% आबादी जिसे शिक्षा के हक अधिकार व सम्मान से दूर रक्खा गया जिसके प्रति सरकार अनेक प्रकार की योजना संचालित करती है फिर भी उनको केंद्र बिंदु विकास की गुप्त धरा से दूर रखा जाता है जिसके निम्न कारण है

1 पुरुषवादी मानसिकता
2 शिक्षा का आभाव
3 कर्मकांड व अंधविश्वास का हावी होना
4 पुरुष प्रधानता देश की नीतिया
5 पुरुष के सामान अधिकार महिला को न मिलना |

**बाल अधिकार जागरूकता कार्यक्रम-** आज दिनांक 14/11/2022 को स्थान ग्राम पंचायत महुली सुरेश जी के घर में ग्रामीण विकास समिति जौनपुर द्वारा मंजू देवी की अध्यक्षता में बाल विकास अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बच्चो की शिक्षा व सुरक्षा के प्रति सभी नागरिको को सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास कल्याण के अंतर्गत कई प्रकार के योजना की जा रही है जो बच्चो के खान पान व स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान दिया गया उसी के माहिलाओ के अधिकार व सुरक्षा के प्रति योजनाए संचिलित की जा रही है |



उमाराजी द्वारा बतया गया की बच्चो की सुरक्षा के प्रति ग्रामीण विकास समिति जो जानकारी दे रही है इसको जानना और सार्थक रहना भी आवश्यक है माता पिता खुद जिम्मेदार है जो आज खतरे में बाल शोषण किडनैप करना आदि घटना हो रही है समय रहते सतर्क रहना है संगीता जी ने बतया की हम महिलाओ की जिम्मेदारी बच्चो व अपनी सुरक्षा के लिए हमेशा सावधान रहे |

महन्थराज द्वारा कार्यक्रम की सफलता के लिए व बाल सुरक्षा करना स्वयं अपना कर्तव्य बताये जिसमे 16 महिला 9 पुरुष सभी साथी प्रति भाग लिए |

**शिक्षा विकास कार्यक्रम-**

बालिका साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम- कार्य क्षेत्र आसपुर देवसरा के रमगढ़ा, पीथापुर, कोटिया, तेलियानी, बैजलपुर,परहत ,मढ़रामऊ में जागरूकता के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया गया कोई भी बच्चा शिक्षा से बंचित न रहे इसके लिए जुलाई में विद्यालय खुलने पर नामांकन हेतु एवं नियमित विद्यालय जाने के लिए जिससे शिक्षा



के साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली बच्चो को सभी संसाधन / सामाग्री सुलभ हो सके बालिका शिक्षा के प्रति माता पिता को जागरूक किया गया  बालक एवं बालिका में किसी भी प्रकार से भेद न किया जाय |

## किशोरी विकास कार्यक्रम

**स्वरोजगार प्रशिक्षण / हस्त शिल्प-** स्वरोजगार हेतु सिलाई कढ़ाई , ब्यूटीशियन, के अंतर्गत 20 किशोरी  प्रति यूनिट प्रशिक्षण दिया जाता है जिसके अंतर्गत  हस्त कला    - खिलौने,बांस टोकरी ,मेंहदी  चित्रकारी प्रतियोगिता के माध्यम से पुरस्कृत किया जाता है साथ ही साथ उन्हें निरंतर स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक, मानसिक, सामाजिक रिश्ते बढ़ाने के लिए वातावरण में रहने के लिए सहयोग मिलता है

**पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम-** 5 जून 2022 को पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे वातावरण का शुद्ध रहने के लिए साफ सफाई, पीने के पानी, बच्चो के स्वास्थ्य ,रहन सहन, खान पान, के साथ वृक्षारोपण, किया जाय जिससे शुद्ध वायु ,आक्सीजन, प्राप्त हो सके ग्राम पंचायत पीथापुर में नन्हेलाल के घर पर किया गया



**मजदूर दिवस-** 1 मई 2022 को मजदूर दिवस के अवसर पर मजदूरो के अधिकार व महिला मजदूरों को सामान मजदूरी के संदर्भ में जानकारी दी गई  मनारेगा मजदूरो को काम, मजदूरी का समय पर भुगतान के सन्दर्भ में बताया गया सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओ से जोड़ने के प्रति आवश्यक दस्तावेजो के प्रति जानकारी दी गई उनके बच्चो को पढ़ने के लिए ,स्वास्थ्य  सुबिधाओ के विषय में जागरुक किया गया

**परम्परागत खेती-** कोविड प्रवासी ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर द्वारा कोविड 19 महामारी से बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम अभियान के अंतर्गत बचाव हेतु दलित व अतिबंचित परिवारों जनपद प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा विकास खण्ड के 9 ग्राम पंचायत 100 कोविड प्रवाशी परिवारों को 266 किलोग्राम धान का बीज वितरित किया गया जो आजीविका संबर्धन के साथ परम्परागत खेती के माध्यम से अपना व अपने परिवार का भरण पोषण कर सके |



**परिवारों को मुर्गी पालन-**25 परिवारों को जोड़ने के लिए प्रति परिवारों को 15-15 मुर्गी देना 9 ग्राम पंचायत में कोरोना महामारी से प्रभावित को रोजगार से जोड़ा गया | जो स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे है व आर्थिक स्वावलंबन की कड़ी में आगे आ रहे है |

**बकरी पालन से जोड़ना-**10 प्रवाशी एकल 5 सामान्य एकल महिला परिवारों के आजीविका में वृद्धि हेतु बकरी पालन से जोड़ा गया जो आजीविका संबर्धन के साथ साथ स्वरोजगार को बढ़ाते हुए अपने परिवार का पालन पोषण करते हुए पलायन से अपने को सुरक्षित रखना चाहते है | पशु पालन के साथ किचन गार्डन की तरफ बढ़ रहे है |



**पुस्तकालय व वाचनालय-** संस्था द्वारा पुस्कालय का संचालन किया जाता है समाचार पत्रों व रोजगार समाचार, बाल उपयोगिता की पुस्तके, कहानी, गीते ,उपन्यास, साहित्य, मासिक पत्रिकाए जो ज्ञान वर्धन में सहयोगी होती है जिसमे 1491 पुस्तके, 896 बाल उपयोगी पुस्तकें जो असहाय बच्चो को शिक्षण हेतु दी जाति है |

## प्रेरणा स्रोत -

1 जिला नेहरू युवा केंद्र जौनपुर
2 साथी उत्तर प्रदेश
3 उपवन उत्तर प्रदेश
4 CASA लखनऊ
5 नालंदा उत्तर प्रदेश
6 ISD NEW DELHI
7 NACDOR NEW delhi
8 पीस new delhi

## वित्तीय स्रोत -

1 UNDP
2 casa लखनऊ
3 WATER AID
4 SDTT
5 दान चंदा
6 सदस्यता
7 **भावी कार्यक्रम**
1 महिला सशक्तिकरण
2 स्वरोजगार प्रशिक्षण व् परम्परागत जैविक सरक्षण
3 स्थानीय स्वशासन पंचायत में महिला भागीदारी
4 भूमि अधिकार
5 बालिका शिक्षा / बाल अधिकार
**6** स्वास्थ्य व् पर्यावरण

## उपलब्धिया -

1 ग्राम पंचायत स्तर - महिला संघ

2 लोक अधिकार मंच जिला स्तरीय संगठन

3 6386 परिवार से जुडाव

4 492 एकल महिला जब कार्ड

5 5-27 परिवार भूमि पर कब्जा

**सहयोगी - साथी**

1 महंथ राज मुख्याकरी

2 राकेश कुमार - समन्वक

3 रामकृष्ण - एकाउंटेंट

4 संगीता - सामाजिक उत्प्रेरक

5 ब्रहम देव - सामाजिक उत्प्रेरक

6 अंजू - सामाजिक उत्प्रेरक

7 कमलेश - सामाजिक उत्प्रेरक

8 अखिलेश - सामाजिक उत्प्रेरक

# प्रगति प्रतिवेदन



# 1 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक


## ग्रामीण विकास समिति

### बहरीपुर जौनपुर उत्तर प्रदेश

**Mahanth Raj Secretary** Mobile No.9451148948-9695617348

**Email ID -** gvsjaunpur@gmail.com/ rgvsjaunpur@rediffmail.com

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर एक गैर राजनैतिक गैर अलाभकारी स्वयंसेवी संस्था है जिसका रजिस्ट्रेशन सोसायटी एक्ट 21.1860 के अंतर्गत रजिस्टर्ड है संस्था विगत 20 वर्षों से उत्तर प्रदेश के जनपद जौनपुर व प्रतापगढ़ तथा सोनभद्र (रॉबर्टगंज विकास खण्ड के 15 गांवों व बदलापूर विकास खण्ड 30 खुटहन विकास खण्ड के 35 आसपुर देवसरा विकास खण्ड 15 मे सधन रूप अति निर्धन सधन रूप से अति निर्धन असहाय दलित एवं अतिवंचित परिवार के हक अधिकार व सम्मान एवं सामाजिक समरसता व आर्थिक स्वावलंबन के प्रति प्रयासरत है ग्रामीण विकास समिति द्वारा विविध कार्यक्रम का आयोजन करता है

**संस्था का उद्देश्य**

1. देश कि एकता अखंडता शांति व आपसी सद्भाव का विकास हो
2. बालक बालिकाओ कि विविध विकास हेतु वातावरण तैयार करना
3. ग्रामीण विकास व समाज कल्याण कार्यक्रम के संचालन मे सहयोग करना व शिक्षण प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन करना
4. अल्पसंख्यक परिवार के युवाओ विकास हेतु शिक्षण महिलाओ के स्वावलंबन प्रशिक्षण व विविध कार्यक्रम को बढ़ाना असहाय उपेक्षित लोगों कि सेवा करना स्वाभिमान व स्वावलंबन कि मूल भूत सुविधाओ को प्रदान करने हेतु शिल्प कुटीर उघोगो व प्रशिक्षणों का संचालन करना
5. पर्यावरण व प्रौघोगिकी विकास कि दृष्टि शोध व प्रचार व प्रसार जल प्रबंधन स्वच्छता साफ सफाई स्थाई कृषि परंपरागत प्रशिक्षण व जागरूक करना

**संस्था विजन**

स्वायत्त एवं स्वावलंबी शोषण मुक्त समाज का निर्माण करना

**संस्था का मिशन**

चेतना जागृति व संगठन आत्मसम्मान स्वालंबन हेतु प्रेरित करना

**Selected- Gram Panchayat/ Gram**

1 - Mallupur
2- Andipur
3- Ratasi
4. Baharipur
5.Tulsipur
6.Ghagharpara
7 Mahada

**कार्यक्रम का उद्देश्य**

- महिलाये अपने संबैधानिक अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक व जानकार हो पाये
- महिलायें अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिये खुद अगुवाई ले सके।
- महिलाओं का ग्राम पंचायत, ब्लाक स्तर पर सक्रिय महिला संगठन हो जिसकी अगुवाई महिलाये कर रही हो।

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर

- महिलाओं का एक ऐसा संगठन जो खुद स्वयं अगुआई एवं कार्यक्रम के केन्द्र बिन्दू में भागीदारी के साथ–साथ अपनी जबाब देही भी सुनिश्चित कर सके।
- सरकारी योजनाओं तक महिलाओं की पहुंच बनाना जैसे– PDS, पेंशन, मनरेगा, आवास व शौचालय

## संचालित गतिविधिया -

- चयनित गांव का भ्रमण व जन सम्पर्क
- गांव व पुरवा स्तर पर समुदाय के साथ कार्यक्रम का उद्देश्य व संस्था के परिचय पर चर्चा व बैठक
- महिला अगुवाओं की सूची बनाना
- पारिवारिक सर्वे का कार्य करना
- मजदूर/श्रमिक दिवस पर अर्जुनपुर गांव में श्रमिकों के साथ बैठक का आयोजन करना
- पर्यावरण दिवस का रैली, संगोष्टी समुदाय व बच्चो के साथ करना।
- गांव व पुरवा स्तर पर बैठक व उनकी समस्याएं निकालना

## स्टाफ चयन -

अप्रैल माह में कार्यकर्ताओं का चयन किया गया जिसमें मुख्य रूप से परियोजना समन्वयक व एकाउंटेंट का चयन रतासी आफिस में ग्रामीण विकास समिति द्वारा नियुक्त चयन समिति द्वारा किया गया जिसमे निम्न का अंतिम चयन किया गया 1. शिव शंकर को परियोजना समन्वयक 2. राकेश राव को एकाउंटेंट पद पर चयनित किया गया एवं साथ–साथ संस्था सचिव श्री महंथराज जी को परियोजना निदेशक के पद पर चयन किया गया।

**चयनित गांव का श्रमण एवं जन सम्पर्क**



परियोजना में स्टाफ चयन के पश्चात गांव का चयन व गांव का श्रमण परियोजना से जुडे स्टाफ के साथ किया गया यह जन सम्पर्क रतासी, बहरीपुर, तुलसीपुर, घाघरपारा, अर्जुनपुर, मल्लूपुर, अंदीपुर व महदा गांव के विभिन्न पुरवाओं में जाकर किया गया इस जन सम्पर्क के दौरान छोटी व बडी बैठके भी आयोजित की गयी जिसमें उक्त गांव के महिला पुरूष व बच्चे उपस्थित रहे जिसमे ग्रामीण विकास समिति का परिचय, परियोजना का उद्देश्य व संस्था के काम करने की रणनीति पर बात की गई इस गतिविधि के दौरान गांव के सहयोगी लोगो का भी पता चला जो गांव में हमारे सहयोगी हो सकते है।

इस दौरान 15 छोटी बडी बैठके आयोजित की गयी जिसमे 576 महिला , पुरूष व बच्चो ने प्रतिभाग किया । साथ ही उक्त गांव के चयनित प्रतिनिधियों जैसे प्रधान, पंचायत सदस्य व बी डी सी सदस्यों से भी बात परिचय व संस्था के कार्य के बारे में बताया गया ।

**श्रमिक दिवस**

श्रमिक दिवस पर अर्जुनपुर गांव में श्रमिको के साथ बैठक का आयोजन करना 1 मई को श्रमिक दिवस कार्यक्रम का आयोजन अर्जुनपुर गांव मे ऊषा देवी के दरवाजे पर किया गया । जिसमे संस्था प्रमुख श्री महन्थ राज जी ने सबसे पहले संस्था का परिचय देते हुए

संस्था द्वारा संचालित परियोजना के उद्देश्यों को सभी प्रतिभागियों को बताया। इसी क्रम में परियोजना समन्वक शिवशंकर जी ने श्रमिक दिवस कब व कहां से शुरूआत की गयी इस पर चर्चा करते हुए बताया कि श्रमिक दिवस मनाने की शुरूआत की गयी इस पर चर्चा करते हुए बताया कि श्रमिक दिवस मनाने की शुरूआत अमेरिका के शिकागो शहर से 1 मई 18 89 से प्रति वर्ष मनाया जाता है कि श्रमिको का सम्मान मे मनाया जाता है। इसके मनाने के पीछे का इतिहास यह है कि श्रमिको का संगठन 1886 से ही महिला

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर

पुरूष की मजदूरी में अन्तर , अधिक काम के घण्टे आदि को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था , जब उन्हें सरकार द्वारा उनकी मांग को पूरा किया गया तब से यह दिवस पूरे विश्व मे श्रमिको के सम्मान में मनाया जाता है । इस पर विस्तार से बताया । इस बैठक मे ब्रह्मदेव उपाध्याय, संगीता , जी ने अपने विचार प्रस्तुत किया । इस कार्यक्रम मे 22 महिला व 8 पुरूष उपस्थित रहे ।

**वालेण्टियर का चयन व उनका अभिमुखीकरण–**

वालेण्टियर का चयन निम्न प्रकार से किया गया । सबसे पहले वालेण्टियर के आवेदन कराया गया । इसके बाद उन्हे संस्था का परिचय व कार्य के बारे मे चर्चा की गयी । इसके बाद प्रश्नो के माध्यम से साक्षात्कार किया गया । उपयुक्त वालेण्टियर का चयन कर उनका समुदाय मे कार्य करने के तरीके व सर्वे फार्मेट पर परियोजना समन्वयक व संस्था सचिव द्वारा चर्चा करते हुए कैसे फर्मेट भरना है इस पर चर्चा की गई जिस प्रतिभागी को नही समझ आ रहा था उसके द्वारा प्रश्न पूछकर अपने प्रश्नो का समाधान भी किया गया, इसके बाद गांव में जाकर सर्वे फार्म भरकर भी प्रतिभागियों को बताया गया इस प्रकार उनकी समझ बनाई गयी।

**पारिवारिक सर्वे का कार्य करना–**



मई व जून माह में लगातार पारिवारिक सर्वे किया गया। सर्वे के दौरान टीम के सभी सदस्यों ने वालेन्टियर के साथ लगकर इस कार्य को करने में पूरी मदद की। फार्म भरने से पूर्व सभी परिवार के मुखिया व उत्तरदाता के साथ बडे समूह में व छोटे समूह में बैठक की गयी जिसमें फार्म भरने वाले व उत्तरदाता को मदद मिलि। इस प्रकार जून माह में रतासी, मल्लुपुर, अंदीपुर, घाघरपारा व तुलसीपुर का पारिवारिक सर्वे किया गया। इस सर्वे के दौरान पारिवारिक समस्याओं व गांव की सामूहिक समस्याये निकलकर आयी सामूहिक समस्या में जल निकासी नाली, रोजगार, रास्ते का मुद्दा महत्वपूर्ण रहा। पारिवारिक समस्यओमें राशन कार्ड, पेंशन, आवास, मनरेगा में रोजगार का कार्य

महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में निकल कर आया जिन परिवार के सदस्य गांव में नही उपस्थित नही थे उनका सर्वे पुरवा मीटिंग के दौरान जुलाई के प्रथम सप्ताह में किया गया कुल 907 पारिवार का सर्वे किया गया जिनका विवरण निम्न है।

| **क्र.सं.** | **ग्राम पंचायत/ पुरवा** | **एससी** | **मुस्लिम** | **योग** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मल्लूपुर | 161 | 138 | 299 |
| 2 | अंदीपुर | | | |
| 3 | रतासी | 83 | 45 | 128 |
| 4 | बहरीपुर | 148 | 185 | 333 |
| 5 | तुलसीपुर | | 0 | |
| 6 | घाघरपारा | | 0 | |
| 7 | महदा | 58 | 23 | 81 |
| 8 | अर्जुनपुर | 66 | 0 | 66 |
| टोटल | | 516 | 391 | 907 |

**गांव व पुरवा स्तर पर समुदाय के साथ बैठक-**



गांव व पुरवा स्तर पर महिलाओं, युवाओं, व पुरूषों की बैठक लगातार आयोजित की गयी। इन बैठकों में खुद का परिचय देते हुये संस्था का परिचय, ग्रामीण महिला परियोजना के उद्देश्य के साथ गांव के सामूहिक व व्यक्तिगत मुद्दो पर बात की गयी जिसमें पेंशन, आवास, रोजगार, शिक्षा,

स्वास्थ्य, जल निकासी, नाली, राशन कार्ड आदि मुद्दो पर संस्था कार्यकर्ताओं व समुदाय के बीच संवाद व चर्चा की गयी। इस माह अर्जुनपुर में महिला संगठन बन गया जिसमें पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से हुआ, इसी प्रकार महदा, तुलसीपुर, रतासी **गौतम** बस्ती, मुस्लिम बस्ती, हरीलाल बस्ती, रजक बस्ती, बहरीपुर में तलवा, डफाली बस्ती, सरोज बस्ती, घाघरपारा, मुस्लिम बस्ती, मल्लूपुर, मुसहर बस्ती, महुअरिया, रामचन्द्र गौतम बस्ती, शाह बस्ती, दर्जी बस्ती, फकीर बस्ती, अन्दीपुर आदि पुरवा में पुरवा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं मनरेगा, पेंशन तथा राशन कार्ड के विषय में जानकारी दी गयी। इन बैठकों का विवरण निम्न प्रकार है। जुलाई माह तक कुल 24 बैठकें की गयी जिसमें 252 महिला तथा 95 पुरूष उपस्थित रहे।

**पर्यावरण दिवस का आयोजन–**



5 जून को पर्यावरण दिवस का आयोजन बहरीपुर के गौतम बस्ती मे किया गया , जिसमे संस्था के सभी कार्यकर्ता तथा गांव के महिला , पुरूष प्रमुख श्री महन्थ राज जी ने सभी ग्राम वासियो का स्वागत किया । साथ ही आपने संस्था का परिचय व उद्देश्य के बारे में बताते हुए आपने कहा कि संस्था महिला सशक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत पेंशन ,आवास, राशन कार्ड व अन्य सरकारी योजनाओ का लाभ लोगो को मिल पाये इसके लिए कार्य कर रही है। हमे जल की बचत का भी संकल्प आज के दिन लेना है। इसके बाद परियोजना समन्वयक शिवशंकर ने वृक्ष लगाओ , जीवन बचाओ का नारा देते हुए सबको कमसे कम एक पेड लगाने का वादा लिया। इसके बाद पर्यावरण को बचाने का हम हम सभी को संकल्प लेना होगा तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा । इसके उपरान्त बच्चो ने पर्यावरण पर कविता व गीत की भी प्रस्तुति दी गयी '> इसी क्रम मे संस्था के वरिष्ट कार्यकर्ता ब्रम्हदेवजी ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओ के बारे मे बताया जैए विधवा पेंशन, विलांग पेंशन , आवास, शौचालय आदिके आवेदन प्रकिया पर भी बात की। इस अवार पर प्रधान प्रतिनिधि श्री सुभाष ने ग्राम मके नाली व रास्ता के समाधान का आश्वासन दिया कार्यक्रम के अन्त मे पूरे गांव मे रैली निकालकर लोगो को पर्यावरण के संरक्षण के लिए जागरूक किया गया इस कार्यक्रम मे 22महिलाये 8पुरूष व 12बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर संगीता , राकेश , अन्जू मालती, संगीता , कमला, रीता आअद उपस्थित रहे।

**महिला आगुआवो का चयन व सूची बनाना -**

गांव –गांव जाकर ग्रामीण महिला सशक्तिकरण से जुडे कार्यकर्ताओ द्वारा महिला अगुवा का चयन उनकी सहमति से किया अबतक 8 गांव से 85 अगुवाओ का चयन कर सूचीबध्द कर लिया गया है।

**ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना के स्टाफ का 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन**

18 व 19 जुलाई 2023 को सभी परियोजना स्टाफ का प्रशिक्षण संस्था कार्यालय बहरीपुर पर आयोजित किया गया । जिसमे निम्न विषयो पर प्रतिभागियो की समझ बनायी गयी।

- ✓ परियोजना के उद्देश्यों पर सभी प्रतिभागियो की समझ बनाना।
- ✓ नारी संगठन क्या है, नारी संगठन क्यो बनायें नारी संगठन कैसे बनायें इस पूरी प्रक्रिया पर समझ बनाना।
- ✓ समुदाय के साथ कार्य करने के तरीको पर सभी कार्यकर्ताओ की समझ बनाना।
- ✓ संविधान की प्रस्तावना व उसके मूल्यो पर सब की समझ बनाते हुए हम अपने कार्य मे उसे कैसें सामिल करें इस पर सभी प्रतिभागियो की समझ बनाते हुए संवेदित करना।
- ✓ समुदाय आधारित बैठक का आयोजन कैसे करें बैठक के पहले हमे क्या तैयारी करनी चाहिए।
- ✓ आगामी तीन माह की कार्ययोजना बनाना व उसका प्रस्तुतीकरण करना।

उपरोक्त विषय पर प्रतिभागियो की समझ परियोजना समन्वयक व संस्था प्रमुख द्वारा विभिन्न गतिविधियो के माध्यम से बनाई गयी । इसमे खेल ,गीत, कविताओ का भी प्रयोग किया गया । सीखने के सिध्दान्त पर

सहजकर्ता द्वारा सीखने के चरण, सिखने की प्रक्रिया पर ग्रुप चर्चा करके बताया गया । इसके साथ ही राकेश जी व शिव शंकर के द्वारा सरकारी योजना जैसे पेंशन, मनरेगा , आवास, राशन कार्ड आवास आदि के विषय मे विस्तार से चर्चा कर प्रतिभागियो की समझ बनायी गयी।

**दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण-**

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर जौनपुर के तत्वधान में संस्था कार्यालय पर, ग्रामीण महिला सशक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत कार्यकर्ताओं की क्षमता बृद्धि हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस प्रशिक्षण में सभी कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रशिक्षण परियोजना समन्वयक शिवशंकर चौरसिया द्वारा परियोजना के उद्देश्यो पर चर्चा करते हुये बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का ग्राम व ब्लाक स्तर पर संगठन बनाना है जिसके माध्यम से सरकार की सभी योजनाएं गांव में लागू हो सके जिसका लाभ गांव के प्रत्येक लाभार्थी को मिल सके। यह परियोजना बदलापुर विकास खण्ड के बहरीपुर, मल्लूपुर, महदा, अर्जुनपुर, रतासी के ग्राम पंचायतों में संचालित है। इस अवसर पर संस्था सचिव श्री महंथ राज जी द्वारा बताया गया कि संगठन क्या है उसे हम कैसे सशक्त बनाये ताकि महिलाये अपने मुद्दो की अगुवाई खुद से ले सके। इन मुद्दो पर विस्तार से चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण में सीखना क्या है, सीखने के चरण, समुदाय के क्या मुद्दे है। सरकार द्वारा कौन–कौन सी योजनाये संचालित है। उसकी पात्रता एवं जरूरी कागजात कौन–कौन से है इस पर विस्तार से चर्चा एवं प्रतिभागियो की समझ बनाई गई। इस प्रशिक्षण में अंजू, राकेश, ब्रह्मदेव, संगीत, रामकृष्ण आदि ने प्रतिभाग किया।

सर्व प्रथम शिवशंकर जी द्वारा संविधान की उद्देशिका का अर्थ समझाया गया

**संविधान में प्रस्तावना का अर्थ**

भारतीय संविधान की प्रास्तावना की शुरूआत ''हम भारत के लोग'' शब्द से होती है जिसका अर्थ है की इस संविधान को हमने बनाया है और ये हमारे ही उपर लागू होता है। और इसे हम ही चलायेगे।

**प्रभुत्व संपन्न –** संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न का अर्थ है कि भारत आंतरिक और बाहरी मामलो में अपने निर्णय लेने के लिये स्वतंत्र है कोई भी बाहरी शक्ति उसे निर्णय लेने के लिये मजबूर नही करेगी।

**समाजवादी–** भारत में लोकतांत्रिक समाजवाद को अपनाया गया है जिसमें मिश्रित अर्थव्यवस्था पर भरोसा किया जाता है और सरकारी के साथ निजी क्षेत्र में भी साथ–साथ चलते है वही असली समाजवाद है जिसका लक्ष्य देश से गरीबी, अज्ञानता को मिटाना है।

पंथ निरपेक्ष या धर्म निरपेक्ष– सभी धर्मो को समान रूप से अधिकार होता है।

**लोकतांत्रिक –** राज्यमें एक ऐसी सरकार होगी जो जनता द्वारा चुनी जायेगी और वह जनता के ही सर्वांगीण विकास के लिये कार्य करेगी।

गणराज्य या गणतन्त्र– गणतन्त्र का अर्थ है कि देश या राज्य का मुखिया लोगों द्वारा प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चुना जाए ना कि वह वंशानुगत हो ।

भारत का सर्वोच्च मुखिया राष्ट्रपति होता है जिसे अप्रत्यक्ष रूप से जनता चुनती है।

सामाजिक न्याय :– भारतीय संविधान मे सामाजिक न्याय की व्यवस्था की गई है जिसका अर्थ है राज्य की नजर में सभी व्यक्ति समान है चाहे वह किसी भी जाति , धर्म , लिंग या क्षेत्र का हो।

आर्थिक न्यायः– सभी लोगो को कमाने के लिए समान अवसर दिए गए है इसे ही आर्थिक न्याय कहा जाता है ।

**राजनीतिक न्याय** :– सभी लोगो को वोट डालने का अधिकार है और सभी लोग समान रूप से चुनाव लड सकते हैं हालांकि पिछडो के लिए अलग से सीटों का निर्धारण किया गया है।

**विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास , धर्म और उपासना की स्वतंत्रता**

विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता :– सभी व्यक्ति को किसी भी विषय पर अपने विचार प्रकट करने की स्वतंत्रता होगी और अभिव्यक्ति की आजादी होगी लेकिन उसे किसी दूसरे का अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए।

ग्रामीण विकास समिति बहरीपुर

विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता :– राज्य में सभी व्यक्तियों को अपना धर्म मानने और उसके प्रचार–प्रसार की स्वतंत्रता होगी और वह किसी भी प्रकार से अपने देवी देवता की उपासना कर सकते है।

**प्रतिष्ठा और अवसर की समता**

समताः– किसी भी व्यक्ति को राज्य की तरफ से कोई विशेषाधिकार नहीं दिया जाएगा सभी व्यक्ति समान होंगे किसी के साथ भी राज्य भेदभाव नहीं करेगा।

**व्यक्ति की गरिमा**

किसी भी व्यक्ति को राज्य में रहते हुए भेदभाव और छुआछूत के साथ उसकी गरिमा को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता चाहे वो कोई भी हो और वह अपना जीवन गरिमा के साथ जी सकता है लेकिन इससे दूसरों के अधिकारों का हनन का अधिकार उसे नहीं मिलता ।

**एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता**

बंधुताः– सभी व्यक्तियों में ऐसा भाईचारा हो जिससे राष्ट्र की एकता बनी रहे और उसकी अखंडता सुनिश्चित बनी रहे।

**अंगीकृत, अधिनियमित आत्मर्पित**

अंगीकृतः– की इस संविधान को हमने ही लिखा था ।

अधिनियमितः–संविधान हमारे लिए ही बनाया गया है।

आत्मर्पित :– हमें अपने ऊपर ही लागू करना है।

साथ ही प्रस्तावना में संविधान बनकर पूर्ण होने की तिथि 26 नवंबर 1950 के साथ मार्गशीष शुक्ल सप्तमी संवत 2006 विक्रमी का भी जिक्र किया गया है।

## दो दिवसीय अगुवाओ का प्रशिक्षण



**महन्थराज–**

संस्था सचिव द्वारा ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम मे आये हुऐ सभी प्रतिभागीयो का स्वागत एवं परिचय हुआ उसके बाद कार्यक्रम का उद्देश्य का स्पष्टीकरण किया गया तत्पश्चात कंचन जी द्वारा पर्ची के माध्यम से बराबरी ,गैरबराबरी का खेल कराया गया

**कंचन**

कंचन द्वारा एक खेल के माध्यम से संविधान पर चर्चा किया। पर्चीखेल में दिखाया गया कि प्रधान, बैंक मैनेजर, शिक्षा, मजदूर, मुसहर, सवर्ण व्यक्ति ऐसा करके पर्ची बनाया और अनपढ़ लोगो को जज बनाया और कहा कि इनमे से जो लोग जमीन ले सकते है, अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकते है अपनी–अपनी क्षमता के अनुसार एक कदम आगे बढ़ाना फिर प्रधान, शिक्षक बैंक मैनेजर ने आगे बढ़ा बाकी सब पीछे तब कंचन जी ने जज लोगो से पूछा कि इसमें पेंशन, आवास, मनरेगा किसको मिलना

चाहिए तो लोगो ने बताया पिछड़े लोगो की इस सब चीजो की जरूरत है। तब ये बताया गया कि लेकिन ये सब चीज, प्रधान, शिक्षक ,विकलांग , बैंक मैनेजर, को ही पहले मिलती है क्यो कि उन लोगो को जानकारी है बाकी सबको नही। इन सब चीजो के पाने के लिए हमे सबसे पहले शिक्षा , और संगठन की जरूरत है। हमारे संविधान मे एक समान सबको बनाया गया है। पहले सत्र की शुरूआत संगठन गति के साथ की गयी जिसके बोल ये –लहर –2 लहराई हो महिला मंच के झण्डा योजना के साथ – सुशीला द्वारा गीत गाया गया जिसके बोल थे ' मुह सी के अब न जी पाऊगी जरा सबसे ये कह दो '

कंचन द्वारा संगठन पर विस्तारित रूप से समझाया गया कि अगर संगठन है तो हम बड़ी से बड़ी कार्यो को हम आसानी से कर सकते है । संगठन से क्या क्या फायदे हो सकते है इन पर चर्चा किया ।

सबसे पहले हमे शिक्षा , रोजगार , आवास, की जरूरत है इन तीनो पर विस्तारित रूप से समझाया कि शिक्षा हमारे जीवन मे सबसे महत्वपूर्ण है।

**पन्नालाल**

तत्पश्चात पन्नालाल द्वारा शिक्षा , संगठन , रोजगार पर अपना विचार दिया तथा संगठन क्या कार्य कर सकती है तथा क्या क्या फायदे हो सकते है विस्तारित रूप से बताया ।

**तत्पश्चात 1:40 मिनट पर लन्च ब्रेक किया गया**

**सीताराम–**

तत्पश्चात श्री सीता राम द्वारा , आवास, पेंशन, के बारे मे जानकारी दिया तथा उन्होंने संस्कार पर विस्तारित रूप से चर्चा किया कि आप ही सबसे बड़ी शक्ति है आप जिस संस्कार में अपने बच्चो की ढालोगी वैसे ही हमारे बच्चे होंगे और हमारा देश भी उसी के आधार पर विकास करेगा सब लोग अपने–अपने बच्चो को अच्छी शिक्षा संस्कार दे। उसके बाद श्री सीताराम द्वारा संगठन के कार्य तथा उसके फायदे पर चर्चा किया , फिर शिक्षा पर चर्चा किया।

इस कार्यक्रम में ब्रम्हदेव, संगीता, अन्जू, राकेश, रामकृष्ण, कमलेश एवं सभी कार्यक्रम में सहयोग रहा तथा संस्था प्रमुख सचिव महन्थराज जी द्वारा प्रशिक्षण का समापन किया गया । **जिसमे 32 महिला व 8 पुरुष प्रतिभाग किया |**

**द्वितीय दिन–**

आज दिनांक 24/08/2023 को प्रशिक्षण के दूसरे दिन की शुरूआत संस्था श्री महन्थराज द्वारा संगठन के गीत के माध्यम से किया गया ।

सुशीला द्वारा संगठन का गीत गाया गया जिसके बोल थे लोग बोलिया बोले मै तो संगठन बनाउंगी फिर अन्जू, संगीता द्वारा गीत गाया गया जिसके बोल थे

1 जिन्दगी में सदा मुस्कुराते रहो,

2 गर हो सके तो अब कोई शम्मा जलाइए

**रामकृष्ण – कमलेश–**

फिर राकृष्ण, कमलेश द्वारा गीत गाया गया जिसके बोल थे 'किसी के काम जो आये उसे इन्सान कहते है ' फिर संस्था प्रमुख द्वारा एक गीत गाया गया जिसके बोल थे –' ले मिसाल चल पड़े, लोग मेरे गांव में '

**राकेश–**

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए राकेश द्वारा सरकारी योजनाओ तथा आनलइन आवेदन पर जानकारी दिया कि पेंशन , आवास, शौचालय , जॉब कार्ड, राशन कार्ड आदि के लिए क्या क्या कागज लगेगा इस पर विस्तारित रूप से जानकारी दिया।

**ब्रम्हदेव–**

